MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the question is.

"That leave be granted to Shri N. K. Sanghi to withdraw his Bill".

*The motion was adopted*

SHRI N. K. SANGHI. Sir, I withdraw the Bill.

---

**15.30 hrs.**

## REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) BILL

*(Amendment of section 8) by Shrimati Subhdara Joshi*

MR DEPUTY-SPEAKER Now, we shall take up the Bill further to amend the Representation of the People Act, 1951 by Shrimati Subhadra Joshi.

**श्रीमती सुभद्रा जोशी** (चादनी चौक) उपाध्यक्ष महोदय, मै "रिप्रजेंन्टैशन आफ़ दी पियूपिल एक्ट, 1951" को आगे अमेन्ड करने के लिये अपना बिल मूव करती हू ।

उपाध्यक्ष महोदय, पिछली लोक सभा के सदन ने एक ऐसा कानून पास किया था जो क्रिमनल-ला-एमेन्डमेट बिल के नाम से जाना जाता है। उसके अन्दर जो धारा 153 (बी) जोडी गई थी, उसके मुताबिक अनलाफुल एक्टिविटीज की परिभाषा भी बदल दी गई थी और यह कहा गया था कि जो लोग ऐसी ड्रिल्ज, एक्सरसाइज या इस किस्म, की हरकते करें, जो क्रिमनल ला एमेन्डमेंट बिल के अनुसार अपराध हो तो उनको भी 153 (बी) के अन्तंगत लिया गया था। उसका उददेश्य यह था कि जो लोग प्रोपेगन्डा करें, जाति के नाम से, धर्म के नाम से, रेस के नाम से, भाषा के नाम से मनफरत फैलाये, उसके लिए ड्रिल्ज या एक्सरसाइज करें जिससे कि दूसरे लोग डरे और उनमें नफ़रत फैले तो क्रिमनल कोड के मताबिक उसको भी अपराध समझा जाये। उस समय होम मिनिस्टर साहब ने यह कहा था—यह इस लिये आवश्यक है कि अगर एक आदमी किसी दूसरे को नुकसान पहुचाता है या उसके खिलाफ प्रचार करता है तो सजा पा सकता है। लेकिन अगर कोई समूह उस अपराध को करता है, तो वह कुसूर नही समझा जाता है, तो इस उददेश्य से वह कानून पास किया गया था।

**15.32 hrs**

[SHRI K N TIWARY *in the Chair*]

मेरा जो अमेन्डमेन्ट पियुपिल रिप्रेज़ेन्टेशन एक्ट मे है, वह यह है कि जिस तरह से आप ने इस कानून की धारा 152 (ए) के अन्तर्गत ऐसे व्यक्ति के लिये सजा रखी है कि वह 6 साल के लिये डिस्क्वालिफाई कर दिया जाता है, किसी विधान-सभा या लोक-सभा के चुनाव के लिए खडा नही हो सकता, उसी तरह मे आपने जो क्रिमनल ला एमेन्डमेट बिल पास किया था और उसमे जो दूसरी धारा 153 (बी) जोडी थी, उसी तरह की व्यवस्था इसमे भी हो कि जो 153 (बी) के मुताबिक सजा पा जायेगा उसको भी विधान सभा या लोक सभा मे या ऐसी जगहो मे लोगो का प्रतिनिधित्व करने की इजाजत नही होगी और वह भी 6 साल के लिए डिस्क्वालीफाई कर दिया जाएगा।

सभापति महोदय, यह कानून इतना आवश्यक था कि लोक सभा ने उस को पास कर के अपना कर्त्तव्य तो पूरा कर दिया लेकिन उस कानून को सरकार ने अभी तक लागू नही किया है । इस तरह नफरत फैलाने या दगे फिसाद कराने के पीछे क्या उद्देश्य है ? ये दगे फिसाद, जो कभी भाषा के नाम से, कभी धर्म के नाम से, कभी रिजन के नाम से, कभी सूबे के नाम से—इस लिये फैलाये जाते है कि वे लोग उस के जरिये ताकत मे आने की कोशिश करते है । अगर लोक सभा ऐसा कानून बना दे कि जो लोग पावर

मे नही आ सके, उन की डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए तो वे लोग आगे नही बढ़ सकेंगे और समझ जाएंगे कि ऐसा करने मे हमे कोई फायदा नही है और ऐसा कर के हम पावर मे नही आ सकते है ।

सभापति महोदय, ये जो तरकीबे है—ये राजनीतिक सत्ता हासिल करने के लिये इस्तेमाल की जाती है, इस को सभी सदस्य जानते है । परन्तु इस तरह से पावर मे आना और इस तरह की हरकते करना जम्हूरियत के खिलाफ है, देश के खिलाफ है और मैं तो यह कहूंगी कि वह इन्सानियत के भी खिलाफ है। इस लिये इस चीज को रोकने के लिये सब मे पहला कदम यह उठाना चाहिये कि ये लोग राजनीतिक सत्ता हासिल न कर सकें । ये लोग राजनीतिक सत्ता हासिल करने के लिये ऐसे काम करते है और अगर राजनीतिक सत्ता हासिल नही हो पाती है, अगर हार भी जाते है तो भी नुकसान करते है । हार जाते है तो फिर ऐसी हरकते करते है, ऐसे काम करते है—जो लोग जनता की राय से, लोकमत से जीत कर जाते है, बहुसख्या मे जाते हैं, ये जम्हूरियत के दुश्मन उन लोगो को काम नही करने देते और ऐसे तरीके अख्तियार करते है जिस से वे लोग काम नही कर पाते ।

इन की ज्यादा चर्चा मैं क्या करूं । पिछली लोक सभा का चुनाव हुआ, एक जमायत जो बहुसख्या मे जीत कर आई तो रोज लोक सभा के अन्दर ये ताने दिये जाने लगे कि आप की सख्या बहुत आ गई है, जैसे कि बहुसख्या मे आजाना कोई कुसूर हो गया है, अपराध हो गया है । उस के बाद सारे देश मे यह कोशिश की जाती रही—जैसाकि आप ने देखा, आसाम मे भाषा के नाम पर दगे करवाये जा रहे है, आध्र प्रदेश मे किसी और बहाने से दगे करवाये जा रहे है, बम्बई मे चुनाव के पहले भी दगे करवाये और चुनाव जीत कर आये तो फिर दगे करवाये जा रहे है ।

उस्मानिया यूनीवर्सिटी मे जार्ज रेड्डी को कत्ल कर दिया गया और दुनिया जानती है कि यह राष्ट्रीय स्वय सेवक सघ का कारनामा था, उन की हरकते थी । अलीगढ यूनीवर्सिटी मे कानून का बहाना लेकर उधम कराने की कोशिश की गई । दिल्ली यूनीवर्सिटी मे आपने और हम ने देखा कितने उत्पात मचे कही बस हिजैक की गई, किसी का घोडा मारा गया, एक दुखिया मजदूर की औरत मर गई । सरकार को मालूम है कि ये उत्पात कौन लोग करते है लेकिन फिर भी उनके खिलाफ कार्यवाही न कर—यह मेरी समझ मे नही आता है ।

सभापति महोदय आप जानते है कि बनारस यूनीवर्सिटी की रोज यहा चर्चा होती है लोक सभा के अन्दर भी और बाहर भी, वहा क्या हो रहा है—इस अखबार के एडीटोरियल को देखिये, जो काग्रसी अखबार नही है—इस मे लिखा है —

'It is no secret that these organisations the R S S, Akhil Bharatiya Vidyarthi Parishad and the Samajwadi Yuvajan Sabha—have been opposing every attempt to ease their stranglehold over the university and making every effort to disrupt its working They rejected the new constitution for the Students' Union becase, it vested effective authority in the general Students' Council rather than in the president and secretary They prevented city buses from plying within the campus so that students were inconvenienced They boycotted meetings between student representatives and the authorities including the teachers They drew up a list of over 30 demands, many of them blatantly unreasonable ' etc.

[श्रीमती सुभद्रा जोशी]

और डिमाण्ड भी थी कि जो स्टूडेन्ट्स फेल हो गये है उन को पास कर देना चाहिये। कहने का मतलब यह कि राष्ट्रीय स्वयसेवक सघ की कार्यवाहियो से, करतूतो से सारी दुनिया वाकिफ है। उन के अपने तरीके है, अपने अखबार है और सारे देश को यह मालूम है कि वे लोग उपद्रव कराने की कोशिश कर रहे है। आंध्र प्रदेश के कन्लो गारन मे जो इनका हाथ रहा उससे भी सरकार काफी परिचित हो चुकी है। सरकार की अपनी रिपोर्ट मे खबरे है कि वहा पर राष्ट्रीय स्वय सेवक सघ ऊधम मचाने के पीछे था। मैं अखबार से महाराष्ट्र की रिपोर्ट आपने सामने रखना चाहती हू जिसमे लिखा है कि किस तरह से जलगाव मे फिर दगे की तैयारी कर चुके है, यह वही जलगाव है जहा दो वर्ष पहले औरो के साथ एक औरत के चार बच्चो को भी जिन्दा जला दिया गया था। उसी कलक का टीका हमारे माथे पर लगा हुआ है। इसमे लिखा है कई हजार लोग वहा जाकर जलगाव मे एकत्र हो रहे है, मीटिग्ज कर रहे है। एक आध दफा और दगे करवा चुके है और फिर दगे की तैयारी मे है। तो चकि सरकार कदम नही उठा रही है और जो कानून पास किए थे, प्रतिबन्ध लगाने के लिए क पास करने के बाद भी इन जमातो पर प्रतिबन्ध नही लगा है। इन जमातो पर प्रतिबन्ध न लगाने से ही उनकी जुर्रत बढ गई है और दगो पर दगे करवाये जा रहे है। पिछले हफ्ते मे मुझे उत्तर प्रदेश मे गोंडा जाने का मौका मिला तो वहा जाकर मैंने देखा कि राष्ट्रीय स्वय सघ के नाम से इतने खराब खराब पर्चे गाडा और उनके आस पास बाटे जा रहे है कि उनको देख कर भला आदमी भी सोचता है कि शायद झगडा करना ही मुनासिब है। इस तरह से वहा भडकाने की कोशिश की जा रही है। गोंडा मे तो सरकारी कर्मचारियों ने दगा रोक दिया लेकिन वहा से बीस मील दूर पर इन्होंने एक दगा करवा दिया। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि ऐसी जमातो पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए और पीपुल्स रिप्रेजेन्टेशन ऐक्ट मे सशोधन करके उनको डिसक्वालिफाई करना चाहिए।

दूसरे जो प्रतिक्रियावादी लोग है, तरक्की के खिलाफ है, जो देश की उन्नति के खिलाफ है, जो परिवर्तन लाने के खिलाफ है उनकी भी यह कोशिश रहती है, वह भी इन जमातो का इस्तेमाल करते है है, पिछले दिनो मे सरकार ने गल्ले के व्यापार को अपने हाथ मे लेने का इरादा किया तो चाहे बम्बई हो, दिल्ली हो या कोई दूसरा शहर हो वहा पर कौन लोग है जोकि आर० एस० एस० को शिव सेना को या मुस्लिम लीग को पैसा देते है और इन जमातो को इस्तमाल करने की कोशिश करते है। यही प्रतिक्रियावादी लोग है जोकि ऐसा करते है।

एक बात और है कि पिछले दिनो मे सी आई ए के एजेन्ट्स की बहुत चर्चा हुई और सरकार ने लोगो को चेतावनी दी कि सी आई ए एजेन्ट्स से जनता होशियार रहे। मै मत्री जी का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहती हू कि जो साहबान अमरीका के थे एक है जीनए कुर्रन और दूसरे है क्रेग बैक्सटर। दोनो ने किताब लिखी थी। जीन कुर्रन जिन्होने किताब लिखी वह एशिया और अफ्रीका मे सी आई ए के फार्मर हेड थे। क्रेग बेक्सटर यू० एस० इम्बैसी, नई दिल्ली मे काम करते थे। जब वह यहां थे तब स्टडी करते रहे जब यहा से चले गए तो उनकी जगह पर शेफर और हैगर्टी साहब आये, वह भी उनकी मदद करते रहे। यह दोनों लोग जनसघ के बारे मे स्टडी कर रहे थे। बैक्सटरसाहब ने जो भी लिखा है उसमे धन्यवाद दिया है उन लोगो को जिन्होंने किताब लिखने में और स्टडी करने मे उनको मदद दी है। उन्होंने कहा है कि जनसघ के तीन व्यक्तियों ने मुझे मदद करने मे अपना काफी समय

व्यतीत किया है । उसमे श्री लाल० के० अडवानी, चेयरमैन मेट्रिपोलिटन कौसिल, श्री बलराज मधोक और श्री जगदीश माथुर, आफिस के सेक्रेटरी वगैरह है। मेरी अर्ज यह है कि देखने की बात यह है कि यह किताबे कब लिखी गई जब कि कर्रन साहब ने स्टडी करके अन्दाजा लगाया और सलाह दी कि जनसघ जो है, आर एस एस जो है वह इस तरह से काम नही कर सकेगा । और किताब उन्होने लिखी उसको पढा जाये । कुर्रन साहब ने जब किताब लिखी उसके बाद आर एस एस ने जनसघ को जन्म दिया । उसके परिणामस्वरूप जनसघ को पैदायश हुई । जब क्रेग बैक्सटर ने किताब लिखी (व्यवधान) तो उन्होंने लिखा है कि जनसघ अकेले नही चला पायेगा । जब क्रेग बैक्सटर की किताब निकली उसके बाद ग्रान्ड एलायन्स हिन्दुस्तान मे हुई । तो मैं आपके जरिये से मत्री महोदय से अर्ज करना चाहती हू कि होम मिनिस्ट्री की खबरे रखने का तो मेरे पास कोई सवाल नही है यह इन्फार्मेशन और यह किताबे तो वहा पर पालिसी बनाती है, उनको आर एस एस और दूसरी जमाते यहा पर लागू करती है, तो आखिर वह एजेन्सी कोन सी है । अगर एजेन्सी नही ले रखी है कि उनके कहने से हिन्दुस्तान को तबाह करवाये तो फिर एजेन्सी और होती क्या है ? यू० एस० ए० ने कोशिश की हिन्दुस्तान के खिलाफ काम करके और पाकिस्तान का साथ देकर कि हिन्दुस्तान की सरकार को दबाया जाये लेकिन सरकार न दबने से इन्कार कर दिया उन्होंने ऐसा वातावरण पैदा कर दिया कि जनता भूखा मर रही है ताकि सरकार को घुटने टेकने पडे अमरीका के सामने लेकिन सरकार ने घुटने नही टेके बल्कि सरकार ने कहा कि उनके एजेन्ट जो यहा पर लोगो को भूखे मारकर ऐसा वातावरण पैदा करना चाहते है उसका हम मुकाबला करेगे उस सरकार ने कहा कि अनाज के व्यापार को हम अपने हाथ मे ले लेंगे । फिर उधर क्या हुआ ? जब सरकार ने यह फैसला किया तो अमरीका के ऊपर से पर्दा हटा और उन्होने फिर से खुल्लम खुल्ला पाकिस्तान को हथियार देने शुरू कर दिए ।

तो मैं यह अर्ज करना चाहती हू कि हिन्दुस्तान मे यह जो फिर्काप्रस्त जमाते है, चाहे वह आर एस एस हो या जमाते इस्लामी हो—यह लोग हिन्दुस्तान मे शान्ति के दुश्मन है, यह हिन्दुस्तान की प्रगति के दुश्मन है, हिन्दुस्तान की उन्नति के दुश्मन है, चाहे यह दुशमन हिन्दुस्तान से बाहर के है या फिर हिन्दुस्तान मे उनकी जो एजेन्सी करत है वह लोग है । मैं सरकार से अर्ज करूगी कि एक तो पहले जो बिल पास हुआ था, इसी हाउस से इजाज़ लो थी जिसमे आपको अख्तियार हो कि ऐसी जमातो पर प्रतिबध लगा सके तो उससे पार्लमेन्ट ने अपना फर्ज पूरा कर दिया था लेकिन सरकार को अपना फर्ज पूरा करना अभी बाकी है । क्या मै जान सकती हू कि आखिर कोई हिसाब किताब रखा है कि हिन्दुस्तान मे कितने लोगों को मरवायेगे जिसके बाद हिसा का खातम करेगे । इसलिए एक तो उसको लागू करे तथा सभी कानूनो का इस्तेमाल करे और जो अमेन्डमेन्ट मैंने आपके सामने रखी वह इम्प्लीमेन्टेशन का थोडा सा एक हिस्सा है ताकि ऐसे लोगो को विधान सभा, मे, लोकसभा मे या ऐसी और जगहा पर आने का अख्तियार न हो और यह उनके सामने एक लालच रहे, इसकी तरफ उनका ध्यान जायेगा । जिस तरह से और बातो के लिए डिस-क्वालिफाई किया जाता है उसी तरह से इसके लिए भी डिस-क्वालिफाई किया जाये ताकि यह समझे कि वह लोगो की नमाइन्दगी करने के लायक नही है । इसी मतलब से मैंने आपके सामने यह एमेन्डमेन्ट पेश की है ।

MR. CHAIRMAN. Motion *moved*.

"That the Bill further to amend the Representation of the People

[Mr. Chairman]

Act, 1951, be taken into consideration."

There is one amendment by Shri Daga. Is he moving it?

SHRI M. C. DAGA (Pali): Yes I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 3rd October, 1973." (1)

SHRI S. P. BHATTACHARYYA (Uluberia): Mr. Chairman, Sir, I fully support the spirit of the mover of this Bill about ending hatred among the people. The communal spirit should be curbed. But I think the method she has adopted, namely, amendment of the Representation of the People Act, is not fair. What I feel is that these things are going in in our country for quite some time and it is only democratic sense in the people that will save this country from this problem.

Only those laws should be enacted which can be implemented. In spite of the existence of various laws, we have seen during the last few years that so many people belonging to the Scheduled Castes and Tribes have been tortured or killed. But nothing has been done. I had been to Rupaspur village in Purnia district. There, the houses of Scheduled Caste peasants have been burnt. Yet, nothing has been done there. Only by changing some Act, do you think that you can save this country from these inhuman feelings and ideas? It is not possible. It will be, in the present situation, taken otherwise, because police, in general, does not help the healthy development of the people's forces. They utilise the sections only to suppress the forces which are against the ruling Party or against the interests of the ruling party. They do not utilise the Acts for the interest of the people in general or for the defence of democracy in general, but they utilise the Acts only to help the ruling party which they think is favourable. I will give an example, the example of the peasant leader, Shri Binai Konar of Burdwan district. There was a murder. But no FIR was given against him. After a few months, Shri Binai Konar was suspected to be linked with the murder and he is put in the jail. Everyone knows that it is a false case. But the Police has the power to put him in the jail and still he is rotting in the jail. We know that it is false. Therefore, we cannot think of police in West Bengal acting for the good of the people.

Last year, Mrs. Geeta Chatterjee met our Prime Minister. She was tortured and molested, her husband was killed. The police knew the guilty persons, but they have not been arrested Do you think that the police will help to consolidate our democratic strength, to make the atmosphere healthy? Never. Only a strong democratic sense can save our country from these corrupt things and that should be developed It cannot be done by enactment. I support the spirit of the Bill that these bad things must go out of the country and the enmies of our country must not taken the opportunity to disrrupt the unity of our country. But amendment of the Act is not the way to do that The only way by which it can be achieved is by strengthening the consciousness and democratic sense of the people. Therefore, I oppose the Bill, in spite of my supporting the spirit.

श्री शशि भूषण (दक्षिण दिल्ली) : मान्यवर, में इस बिल का हार्दिक समर्थन करता हूं क्योंकि इस बिल की जो प्रेषक है उन्होंने ारत के इतिहास में साम्प्रदायवाद के खिलाफ़ अपना जीवन योग दिया है। मै इस बात से सहमत हू कि हमारी जमात जिम्मेदार है कि हम ने साम्प्रदायिकता को जितनी सख्ती के साथ खत्म करना चाहिए था, नहीं किया। मुझे भारत में साम्प्रदायिक सस्थाओं से उन के जो साम्प्रदायिक सैनिक

ग हैं उनसे उतनी शिकायत नहीं है, जितनी अपने लोगो से शिकायत है कि उन्होने इनको वक्त पर नहीं दबाया और आज भी वक्त आ गया है कि हम उन लोगो को जो राष्ट्र हितो के खिलाफ फिरकापरस्ती का काम करते है, लोगो मे नफरत फैलाते है उन्हे सख्ती से दबाया जाए।

कुछ धार्मिक साम्प्रदायिक जमाते धर्म के नाम पर सुबह शाम पैरेड करती हैं। उनके इतिहास को देखा जाए तो कभी वह अग्रेजो की चौकीदारी करते रहे अग्रेज। शासन मे हिन्दुओ को विदेशी सेना मे भर्ती कराते रहे और उस वक्त की जो मुस्लिम साम्प्रदायिक सस्थाये थी वह अग्रेजो की मदद करते रहे, उनकी चौकीदारी करते रहे। देश आजाद हुआ तो उसकी आजादी मे हिस्सा नही लिया तो कम से कम देश के निर्माण मे ही हाथ बटाते। लेकिन वह भी नही किया। पता लगा कि राजा, महाराजाओ की चौकीदारी कर रहे हैं। राजा, महाराजाओ को बचाने के लिए यह हिन्दू मिलिट्री आर्गनाइजशन ने किसानो को मारा गरीबो को मारा, लेकिन राजा नही बचे। इत्तफाक की बात है कि ऐसी भस्मासुर जमात है कि जिसका साथ देती है उसी का बेडा गरक हो जाता है। अग्रेजो का बडा गरक किया, राजाओ और बडे जमीदारो का बडा गरक किया उनका साथ देकर।

15 57 hrs

[SHRI S A KADER in the Chair]

अभी परसो की बात है दिल्ली मे अनाज के व्यापार को सरकार ने अपने हाथ मे लिया, यह तक सामाजिक क्रान्ति है, उसको लेने के सबब से भारत के तमाम ब्लैक मार्केटियर्स ने बहुत बडी हडताल की। चलो ठीक है, लेकिन उस हडताल में यही जमात जो सुबह पैरेड करती है नेकर पहन कर, उसने दिल्ली के दो प्रमुख नेता है, कारपोरेशन के सदस्य हैं, श्री बृजेन्द्र जैन और श्री जे० पी० गोयल

सभापति महोदय आप नाम क्यो लेते हैं।

श्री शशि भूषण उनके घरो के आगे इस जमात के लोगो ने 700, 800 की तादाद मे प्रदर्शन किया। वह लोग पटियाला गए हुए थे उनके घर वालो को गालिया दी और बहुत गलत व्यवहार किया। आज मुनाफाखोरो की रक्षा के लिए यह मिलिटेंट हिन्दू आर्गेनाइजेशन जो लोग सामाजिक क्रान्ति चाहते है उनके घरो के ऊपर हमला करती है। वह जो कुछ भी करते है किसी की रक्षा और किसी के इशारे पर करते है।

पिछले दिनो जब बंगला देश मे हमारे देश की जनता ने थोडा सा हिस्सा लिया और हमारा फर्ज था, उसके सबब से हमारे पडोस मे चीन एक बडा राष्ट्र है, उसके प्रधान-मन्त्री चाऊ-एन-लाई ने कहा कि अगर बागला देश मे हिस्सा लोगे तो आप अपने देश मे उस आग से जलोगे। और अमरीका के राष्ट्रपति ने भी वही कहा। अब उन्होने कहा शायद खामोश हो गये। लेकिन जो तुरन्त ही हिन्दुस्तान मे अखड भारत का नारा देते थे वही आज खड खड भारत का नारा देने लगे।

श्री आर० वी० बडे (खारगोन) माननीय अटल जी ने कहा हमारी नेता इदिरा गाधी है।

श्री शशि भूषण मेने तो जनसघ या आर० एस० एस० का नाम नही लिया। पडित जी पता नही क्यो चिढ गये। अखड भारत से खड खड का नारा हुआ लद्दाख अलग हो जाए, कश्मीर अलग हो जाए, पजाब हरियाणा देशभक्त को जलाकर अलग किया गया। उसके बाद यू० पी०, बिहार के हिस्से किए जाएँ ऐसी माग भी उठ रही है। श्री बलराज मधोक जनसघ को

[श्री शशि भूषण]

फासिस्ट पार्टी कहते हैं। पता नही कौन फासिस्ट है। आज आन्ध्र को बाटने की बात कह रहे है। जो सी० आई० ए० और चाइनीज इटलीजेस मिल कर काम कर रहे है इनसे सावधान रहना चाहिए। चूकि निक्सन साहब चाइना गए तो उन्ही का साथ देने लगे। तो जब बडा साम्राज्यवादी देश किसी दूसरे के साथ देने लगता है तो उनके साथ मिलकर परेड करने लगते है। लेकिन जो जनता के हितो की चीजें है उनके लिए जब पालियामेंट मे कोई आन्दोलन होता है उसका यह लोग विरोध करते है। चाहे बैंक राष्ट्रीयकरण का मसला हो चाहे कोई और जनहित की बात हो यह लोग तथाकथित राष्ट्रवादी चौकीदार है, साम्प्रदायिकतावादियो के चौकीदार हैं, साम्राज्यवादियो के चौकीदार है आढतियो के, राजाओ के, जागीरदारो के और मुनाफाखोरो के तथा विदेशी सरमायेदारो के चौकीदार हैं यह सुबह मे शाम परेड करते है।

इनको तीस साल परेड करते हो गए है। लेकिन कभी इन्होने गरीब जनता की बात सामने नही रखी है। ये हिन्दू मुसलमानो का गला काटेंगे, हिन्दू सिखो का काटेंगे, जहा भी साम्प्रदायिकता होगी वहा उसका पूरा पूरा लाभ उठाएंगे। आप क्यो इस तरह की चीजो को बरदाश्त करते है? आर एस एस से मुझे कोई शिकायत नही है। गोलवलकर जी से कोई शिकायत नही है, बडे जी से कोई शिकायत नही है। हमको शिकायत अपनी जमायत से है जो भारत की तरक्की पसन्द ताकतो से है क्योकि हमने इनको आज तक क्यो बरदाश्त किया है? हमे शिकायत अपने आप से है। हमारे नेता पडित जवाहरलाल नेहरू एक प्रजातान्त्रिक व्यक्ति थे। उन्होने इनको बहुत मौका दिया कि किसी तरह ये अपने आपको सम्भाल लें लेकिन ये हमेशा देश में आग जलाते रहे हैं गाधी को मारने से लेकर आजतक इसतरह की घटनाओ से इतिहास भरा पडा है। देश के किसी भी कार्य मे इन्होंने मदद नही की है। हिन्दू पारसी को लडा दिया, हिन्दू सिख को लडा दिया। कोई जमायत नही छोडी। मुझे खुशी है कि जमायते इस्लामी कहती है कि जनसघ हिन्दू मुस्लिम फिसाद नही कराता और जनसघ कहता है कि जमायते इस्लामी फिसाद नही कराती। तब फिर फिसाद आसमान से होते है। दोनो मिलकर एक दूसरे को शाति सार्टिफिकेट दे रहे है। इनके आका कौन है? अग्रेजी जमाने में भी यह दोनो फिसाद कराते थे और एक ही घर मे रात का आपस मे मिल जुल कर बैठते थे। खरबूजा छुरी पर गिरे या छुरी खरबूजे पर गिरे बात एक ही है। दोनो एक दूसरे की तारीफ करे इससे कुछ फर्क नही पडता है। है यह चीज कम्युनल।

16.00 hrs.

पिछले दिनो मध्य प्रदेश मे आठ जनसघी एम एल एज को जिन मे फिलहाल राज्य सभा के मैम्बर सकलेजा भी थे, डिस्क्वालीफाई किया गया इस वास्ते कि ये पर्चे बाट रहे थे कि काग्रेस गाय कटवाती है। इसके बाद वह राज्य सभा मे आ गए। इतना होने पर भी अगर कोई राज्य सभा मे आ सकता है। पीपल्ज रिप्रिजेंटेशन मे मै चाहूगा कि इस बात के लिए सजा होनी चाहिए कि जो कम्युनल एक्ट करता है या करवाता है उसको चुनाव मे खडे होने का अधिकार नही होगा, तब तक इस तरह की गतिविधियो पर रोक लगाना कठिन होगा।

मैं चाहता हू कि देश रक्षा के लिए चाहे ये कुछ करे या न करे लेकिन कम से कम ये सेक्युलर तो रहें। फिर जो कुछ ये करना चाहते हैं करते रहें। सेक्युलर रहेंगे तो इनका इमेज अच्छा रहेगा। जनसंघ के जिन लोगो को डिस्क्वालीफाई किया गया इस वास्ते

कि कहीं कहते थे कि गाय काट रहे हैं, कहीं फोटो लगा रहे थे तथा इस तरह के घृणित कार्य कर रहे थे, वे लोग भी जीत कर आ गए है, राज्य सभा में आ गए हैं। इस वास्ते मैं समझता हू कि एक्ट मे तबदीली लाना बहुत जरूरी है। सरकार को चाहिए कि वह पुराने तजुर्बे से फायदा उठाकर एमेंडमेट लाए ताकि जो लोग देश मे साम्प्रदायिकता फैलाते है वे दोबारा इलेक्शन के लिए खड़े न हो सके।

ये सुबह मे शाम तक पैरेड ही नही करते हैं। ये इस ताक मे भी रहते है कि कही सरकार कोई तरक्की का रास्ता निकाले तो उसको बन्द करने की किस तरह से कोशिश की जाए। देश भर मे जो ब्लैकमार्किटियर्स है, जो होर्डर्ज है राजा महाराजा थे उनसे ये सत्याग्रह कराते है। हम तो पाच साल जेल मे रहे अंग्रेजो के जमाने मे लेकिन हमने किसी ने भी फूल की माला तक नही पहनाई। लेकिन ये क्या करते है? सुबह सरमायेदारो को लाते है, उनका फूल मालाएं पहनाते है, उनका आदर सतकार करते है, उनको जेल भिजवा देते है और शाम को दूध पीकर वे लोग बाहर आ जाते है। देश मे सरमायेदार सत्याग्रह करे, ब्लैक-मार्किटियर्स और होर्डर्ज सत्याग्रह करे तो हम और आप क्या करेगे? हम देखना चाहिए कि इस सब के पीछे भावना क्या है? मै सरकार से पूछना चाहता हू कि क्यो नही सरकार इस तरह के सत्याग्रह के ढोंग को खत्म करती है। जब सत्याग्रह कराते है तो फूल मालाए पहनाते है, तिलक कराते है और ऐसे सब काम करते है जैसे उनको फासी लगने जा रही हो। अटल जी को भगवान बड़ी उम्र दे। वह भी सुबह गए और शाम को आ गए। मैं चाहूंगा कि सत्याग्रह के इस ढोंग को खत्म किया जाए। अगर कोई सत्याग्रह करता है तो उसको कम से कम दो तीन महीने के लिए आपको जेल भेजना चाहिए। अगर आपने ऐसा किया तो ये सत्याग्रह करने का नाम नही लेंगे।

आजादी की लड़ाई चल रही थी उस वक्त वे अंग्रेजो की चौकीदारी कर रहे थे पैरेड कर रहे थे। अब यह ढोंग क्यो? मै चाहता हू कि जो—ढोंगी लोग सत्याग्रह करने आए उनको सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि आराम से कोई काम तो चल सके।

जो मुनाफाखोरी ब्लैकमार्किटिंग करते आ रहे है और जो सुबह झंडा उठाकर सत्याग्रह करते है और पकड़े जाते है और शाम को छूट कर आ जाते है, उनमे से अगर कोई लोग चुनकर आ जाते है तो हम चाहते है उनके बारे मे आपको सोचना होगा। देश की आजादी के लिए सत्याग्रह के जिस पवित्र हथियार को अपनाया गया था उसको किसी को खराब करने की इजाजत नही होनी चाहिए। जो राष्ट्रीय आन्दोलन था उसमे इन लोगो का क्या रोल था, सब लोग जानते है।

लोग यह भी जानते है कि इनको चन्दा कैसे मिलता है। गुरु दक्षिणा के नाम पर जितना ब्लैक का पैसा है यह सब इकट्ठा कर लेते है। उसकी आज तक कोई जांच नही की गई है। इनकम टैक्स, सेल्स टैक्स वाले पता नही क्या करते है। सब जानते है कि कहा से पैसा आ रहा है लेकिन कभी इनको हाथ नही लगाया जाता। छोटे छोटे और गरीब लोगो को आर्टिस्टो को पकड़ लिया जाता है। दो तीन करोड़ रुपया साल का प्राफिट इनके नेताओं को चाहे लोहे का लाइसेंस बेचकर होता हो, उन पर हाथ नही डाला जाता है। जो कम्युनल है उनको सरकार से कोई लाइसेंस भी नही मिलना चाहिए और जो मिले हुए है उनको जब्त कर लेना चाहिए क्योंकि

[श्री शशि भूषण ]

वे लोग अराष्ट्रीय हैं। इनको व्यापार करने की इजाजत तो आप दें। लेकिन जिस दिन आप सख्ती करनी शुरू कर देंगे आप देखेंगे कि आधे से ज्यादा लोग जो पैसा देने वाले हैं, जो पैसा देने वाली ताकतें हैं, वे निकल जाएंगी।

बाहर से जो इनके पास पैसा आता है उसको रोकने के लिए भी सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिएं। कम से कम दस पन्द्रह करोड़ सालाना आता होगा। हिन्दुस्तान में आर एस एस के पास 60 करोड़ के लगभग है। उसकी आप जांच करें। वह रुपया चाहें गुरू दक्षिणा से लिया गया हो या किसी और तरीके से, उसकी जांच होनी चाहिए। जमायते इस्लामी देश भर में जो रुपया बांटती है, उसकी जांच होनी चाहिए ताकि देश में कम से कम कम्युनल रायट्स तो न हों सोशलिज्म विरोधी या पूंजीपति वादी जो ताकतें हैं उन से हम निपट लेंगे। साम्प्रदायिक लोगों से हमें सबसे ज्यादा देश का अहित नजर आता है। इनको रोकने के लिए होम मिनिस्टर ज्यादा तेजी से काम करें। देश की जनता ने हमें प्रबल बहुमत दिया है। हम क्यों नहीं इन पर बैन लगाते हैं, क्यों नहीं इनकी गतिविधियों को बन्द किया जाता है। सरकार को मैं इस बारे में सतर्क करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि जितनी जल्दी वह यह शुभ काम करेगी उतना ही ज्यादा अच्छा होगा।

**श्री एम० सत्यनारायण राव** (करीमनगर): सभापति महोदय, श्रीमती सुभद्रा जोशी ने जो बिल पेश किया है, उसके आबजेक्टिव, उद्देश्य, से मैं बिल्कुल सुत्तिफिक हूं। लेकिन उन्होंने अपने बिल में ड्रिल और एक्सरसाइज को प्राहिबिट करने के लिए जो प्राविज़न इनकार्पोरेट किया है, उससे कुछ फायदा नहीं होगा। हम जानते हैं कि आज हमारे देश में बच्चों के लिए ड्रिल या एक्सरसाइज़ की कोई व्यवस्था नहीं है। मुझसे पहले, और मेरे बचपन में भी, कुछ एक्सरसाइज़ कराई जाती थी, लेकिन आजकल तो स्कूलों और कालेजों में हाकी, फुटबाल, वालीबाल या किसी एक्सरसाइज का कोई इन्तजाम नहीं है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि एक्सरसाइज़ और ड्रिल से कोई नुकसान नहीं होगा। कम्युनल आर्गेनाइजेशन जो कम्युनल एक्टिविटीज़ में इनडल्ज कर रही हैं, उनको प्राहिबिट किया जाए और उसके लिए स्पेसिफ़िक प्राविज़न लाकर पनिश्मेंट रखी जाए। लेकिन ड्रिल या एक्सरसाइज को मना करने के कोई माने नहीं हैं और इसलिए मैं इस बात को अपोज़ करता हूं।

श्री शशि भूषण ने कहा है कि ये लोग रिजनलिज्म के आन्दोलनों में भी भाग लेने लग गए हैं। यह देखना चाहिए कि रिजनलिज्म क्यों आ रहा है। चूंकि आप लोग इन प्राबलम्ज़ को साल्व नहीं कर रहे हैं, इसलिए वे इसका फायदा उठा रहे हैं। जब श्री शशि भूषण जैसे प्राग्रेसिव इम्मेज वाले लोग जनता की मांगों का समर्थन नहीं करेंगे तो फिर जनता जनसंघ और स्वतन्त्र पार्टी वालों के पास जाएगी। जनता उन लोगों के पास जाएगी, जो उसकी फ़ीलिंग्ज़ को सपोर्ट करते हैं। आपको लोगों की फ़ीलिंग्ज़ को समझना चाहिए। यहां आलोचना करने का कोई फायदा नहीं है। इससे आपको नुकसान होगा और आपकी पार्टी बिल्कुल फ़िनिश हो जाएगी। आप तो यह सोच कर मुतमईन हो जाएंगे कि हम रिजनलिज्म को कनडेम कर रहे हैं, लेकिन उससे कुछ फायदा न होगा। अगर आप बेसिक प्राबलम्स को समझें और उसको हल करने की कोशिश करें, तो अच्छा होगा।

मैं ज्यादा समय न लेते हुए श्रीमती सुभद्रा जोशी से रिक्वेक्ट करूंगा कि वह इस बिल पर जोर न दें। इस बिल को यहां लाने का यह फायदा हुआ है कि उनका जो

आबजेक्शन है, वह लोकसभा के सामने आ गया है।

मुझे मौका देने के लिए मै आप का शुक्रिया अदा करता हू।

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** (निजामाबाद) सभापति महोदय, मै अपने सीनियर मेम्बर, श्री शशि भूषण के खयालात से इत्तिफाक करता हू। लेकिन मैं उन की एक बात से इख्तलाफ करता हू। उन्होने कहा है कि श्री रगा और श्री ममानी हमारे माननीय सदस्य, श्री पीलू मोदी, से अच्छे थे। मै इस को मानने के लिए तैयार नही हू। म कहना चाहता हू कि श्री पीलू मोदी उन दोनो से लाख दर्जा अच्छे है और म चाहता हू कि वह सारी उम्र लोक सभा मे रहे। वह लोक सभा के लिए एक एसेट है। मै श्री शशि भूषण से दरख्वास्त करूगा कि काग्रेस की तरफ से श्री पीलू मोदी के खिलाफ को कैंडीडेट न खडा किया जाये।

हिन्दुस्तान में कभी भी साम्प्रदायिकता नही रही है, चाहे वह अशोक और अकबर का जमाना हो, चाहे 1857 मे झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जमाना हो और चाहे जवाहरलाल नेहरू का जमाना हो। लेकिन वक्त वक्त पर कुछ खुदगर्ज लोग हमारे मुल्क में इस किस्म के ख्यालात फैलाते रहे हैं, जिस का हम सब को रज है? हमारे मुल्क का बटवारा मजहब और धर्म के नाम पर हुआ। लेकिन आज भी हमारे मुल्क मे कुछ सियासी पार्टियां मजहब के नाम पर कायम की जा रही है। अगर अलग अलग पार्टियाँ इकानोमिक पालिसीज और प्रोग्राम को ले कर काम करें और उन मे काम्पीटीशन हो, तो इस पर किसी को एतराज नही हो सकता है। लेकिन बदकिस्मती से आज भी कुछ लोग पुराने ख्यालात के मुताबिक सोचते और काम करते हैं। मुस्लिम लीग आज भी कायम है। वह पाकिस्तान मे खत्म हो गई है, लेकिन हिन्दुस्तान मे खत्म नही हुई है। इसी तरह जमाते इस्लामी भी अभी तक कायम है।

मै मुस्लिम लीग के लोगो से अपील करूगा कि अगर वह अपना नाम बदल ल, तो यह मुल्क के लिए भी अच्छा होगा और उन के लिए भी अच्छा होगा। इस नाम से लोगो के सामने पुराने वाकयात आ जाते है। यह ठीक है कि उन्होने बम्बई मे कुछ सीटे हासिल कर ली है लेकिन यह हमेशा नही होने वाला है। उन्हे मुल्क की पोलीटिकल लाइफ के स्ट्रीम मे मिल जाना चाहिए।

SHRI C H MOHAMMED KOYA (Manjeri) Jan Sangh is a good name!

**श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** मुस्लिम लीग के मुकाबले मे हिन्दू महासभा थी। उ। जमाने मे हिन्दुस्तान मे गडबड करने वाली ये दो पार्टिया थी। हिन्दू महासभा का नामोनिशा तो श्री शशिभूषण जैसे लोगो ने मिटा दिया है। अगर जनसंघ मजहब और साम्प्रदायिकता के नाम पर वोट मागने के लिए निकलेगा, तो उस का नाम भी मिटाया जायेगा।

मै श्रीमती सुभद्रा जोशी की इस बात से इत्तिफाक नही करता हू कि कम्युनल पार्टीज को बैन कर दिया जाये। क्या कम्युनल पार्टीज से हम सेकुलर पार्टीज नही लड सकती हैं? जनसंघ को मैंने हराया है और उसके उम्मीदवार की डिपाजिट को जब्त कराया है। 1972 के इलैक्शन्ज में जनसंघ का एक कैंडीडेट भी नही जीता है। कम्युनल पार्टियो से लडने के लिए कांग्रेस के पास काफी ताकत है। उन को इधर-उधर जो थोडी बहुत कामयाबी मिल रही है, वह बहुत जल्द खत्म हो जायेगी। लोग देखेंगे कि किस पार्टी का इकानोमिक प्रोग्राम अच्छा है और वे उस पार्टी में उसी

[श्री एम० रामगोपाल रेड्डी]

प्रोग्राम पर अमल करने की शक्ति और नेकीनीयती भी है या नही ।

हमारी पब्लिक बहुत होशियार और समझदार है । वह जानती है कि किस पार्टी को वोट देना चाहिए और किस को नही देना चाहिए, किस पार्टी पर भरोसा करना चाहिये और किस पर नही करना चाहिए । डेमोक्रेसी मे फ्रीडम है और इस लिए डेमोक्रेसी मे किसी को बैन करना मै ठीक नही समझता हू । मुस्लिम लीग रहे, जनसघ रहे, आर० एस० एस० रहे कोई भी पार्टी रहे, हमे कोई डर नही है । इस वास्ते कि आध्र एक सिलसिला कायम कर चुका है जहा कि कोई भी कम्युनल पार्टी सफल नही हो सकती । छुटपुट कुछ लोग बम्बई म्यूनिसिपैलिटी मे जीत गए है । ऐसे ही पुराने हैदराबाद मे कुछ लोग जीत रहे है—(व्यवधान) । मेरा कहने का मतलब यह है कि मै लीग वालो से यह कह रहा हू कि आप की पार्टी को बैन करने के लिए मैं नही कह रहा हू । आप खुल कर आ -II । हम आप से लडने के लिए तैयार है । उसी तरह से मैं जन सघ से कह रहा हू क्योकि किसी के ऊपर पाबन्दी लगाकर उससे लडना हम अच्छा नही समझते (व्यवधान) यह मैं कहा रहा हू कि जितनी सैक्युलर पार्टीज है, सी पी आई है काग्रेस है, जो सैक्युलर व्यूज रखती है उनके ऊपर बहुत जिम्मेदारी आ जाती है क्योकि कम्युनल पार्टीज के खिलाफ अपने आइडियोलोजी को ले कर फाइट करना चाहिये और उसके लिए मासिस को तैयार करना चाहिये और मासिस तैयार हो गए है । आज कोई भी आदमी हिन्दू मुसलमान के नजरिये से सोचने के लिए देश में तैयार नही है । आज देश का आदमी यह सोचने लगा है कि आया यह पैसे वाला है, अपने पैसे से यह गरीबो को लूटता है या किस तरह से अपने पैसे को इस्तेमाल करता है ? मुल्क के वास्ते क्या गद्दारी करता है ? अपने मुल्कके सीक्रेटस को क्या दूसरे मुल्को तक पहुचाता है ? इस तरह की बात देश का आदमी सोचने और समझने लग गया है और यह खुशकिस्मती की बात है कि हिन्दुस्तान का आदमी होशियार हो गया है । आइन्दा से मजहब और धर्म के नाम पर चलने वाले लोगो का कुछ वश नही चलेगा । मुल्क में जितने भी धर्मों के लोग हैं । वेसब मिल कर आपस मे एक कुनबे की तरह से रह कर अपनी जिन्दगी बिताएगे, अपने देश का नाम बहुत रोशन करगे और उसे और ऊचा ले जाएगे ।

SHRI B R SHUKLA (Bahraich): At the outset I extend my congratulations to Shrimati Subhadra Joshi for introducing such an amendment before this House Perhaps hon Members have not carefully appreciated the limited purpose of this Bill In 1972 this House passed a Bill known as the Criminal Law Amendment Bill. According to the provisions of that Act, certain type of activities indulged in by certain persons or group of persons had been banned and they were made punishable under the Indian Penal Code All these a tivities which have been made penal are incorporated in section 153(B) which has been added to the Indian Penal Code

Now, it is said that the communal organisation has probably been banned or a certain caste organisation has been banned or certain linguistic activities have been banned My humble submission to the hon Members would be that these interpretations are not borne out by a reading of Section 153(b). In a democracy the people have a right to propagate their views, their own philosophy, their own culture etc But, when there are activities which are sought to be carried out in the name of religion, race or

language which create hatred or disharmony or animosity between different religious groups, racial groups or linguistic groups or which tend to create communal or racial or linguistic disharmony and violence in this country, then certainly, such activities fall within the mischief of Section 153(b). So, such persons, who indulge in such activities irrespective of their affiliations, should be punished In fact, punishment has been provided therefor in the Act

I am not discussing the merit of that Bill here as that has already been adopted Whatever may be the quantum of punishment or the nature of punishment, that is not very much germane to the discussion of the present Bill The question is no longer whether such activities have or have not been made penal Now, the simple question which arises by way of a natural corollary is this Those persons who would be punished have been proved to have committed the offence under Section 153(o) They should incur the disqualification for being chosen as a Member of the Legislature or Parliament I think the House should unanimously accept this amendment because nobody would say that a person who has been proved to be a ring leader and who has been punished because he has been responsible for wide-spread communal, racial or linguistic trouble in this country, should be allowed to occupy the benches of this august House I think if a dacoit or a theif or a blackmarketeer who has indulged in certain criminal activities, for his own individual gains, is disqualified, why should a man who is responsible for the destruction of public property worth crores of rupees and who is responsible for the blood-shed of thousands of innocent lives in the country be given the honour of being a Member of Legislature or Member of Parliament? I think that no group or no party in this House would have the guts to defend such persons here Therefore, my submission is this Shri Satyanarayan Rao also said something regarding this because his memory is still fresh with what is going in his own State. But his fears are unfounded. This has nothing to do with the punishment of persons indulging in peaceful activities for bifurcation of the State or for wanting to have one State But if they are committing violence in the name of religion, culture or language and in league with the reactionary forces in this country and want to block the progress of the country, then they should not be allowed to do that

Recently we witnessed some linguistic riots in Assam The whole of Assam State was rocked by shameful and terrible riots We also saw happening in Andhra Pradesh Apparently the leaders of public opinion occupying seats in the responsible Houses of Parliament and legislatures are the victims of mob fury They think that in case they raise their voice of reason against these shameless activities in this region, probably they would not be elected to these Houses and therefore they also succumb to the temptation of these very forces about which they have no words of praise The persons who have been convicted under section 153B are likely to become heroes and come with added majority in the legislatures if this Bill is not passed Therefore, it is necessary that after having been convicted under section 153B, they should further be disqualified for a certain period to contest the elections to the State legislatures and Parliament

With these words I support the Bill *in toto* and I would appeal to the Government that it should be accepted as a very timely measure in this country

श्री इ ाहीम सुलेमान सेंट (कोजीकोड) चैयरमैन साहब यहा पर एक निहायत ही अहम बिल आपके सामने मोहतरिमा सुभद्रा जोशी साहिबा ने पेश किया है। जैसा कि मुझसे पेशतर तकरीर करने वाले मेरे दोस्त ने कहा—इस बिल का मकसद निहायत ही

(श्री इब्राहीम सुलेमान सेट)

महदूद है, एक महदूद मकसद के लिये इस बिल को यहा पेश किया गया है। लेकिन जहा तक मै देखता हू, इसको बहस के दौरान उलझा दिया गया, खास कर मेरे मोहतरिम दोस्त रेड्डी साहब ने कुछ ऐसी गैरजरूरी बाते यहा पर कही हैं, जिसकी वजह से यह मकसद फौत हो गया है और ज्यादा उलझाव बहस मे पैदा हो गया है। यहा पर साफ तौर पर यह कहा गया है कि पाबन्दी उन लोगो पर लगनी चाहिए जो मिलिट्री ट्रेनिंग देते है, जो ड्रिल करते है और इस तरह से फिसाद का बाइस बनते है, मुल्क मे फिसाद बरपा करते है, खू-रेजी करते हैं, लोगो को कत्ल करते हैं। ऐसे अशखास जो वाकई मुल्क के दुश्मन है, उनके खिलाफ कार्यवाही करने के लिए यह बिल लाया गया है।

जहा तक इसका ताल्लुक है, हम इसको पूरा सपोर्ट देंगे क्योकि हम देखते हैं कि इस मुल्क मे ऐसे फिरकापरस्त आदमी मौजूद हैं जो अपने लोगो को, अपने नौजवानो को मिलिट्री ट्रेनिंग देते है, लाठी चलाना सिखाते है, चाकू चलाना सिखाते है, तलवार चलाना सिखाते है, न मालम किसके खिलाफ ऐसा करते है। जहा तक हमारी फौजो का ताल्लुक है, हमारी फौजे बहुत ताकतवर फौजे है, उन्होंने चाइना को शिकस्त दी है, उन्होंने पाकिस्तान को शिकस्त दी है, वे इतना बहादुर है कि हम उन पर एतमाद कर सकते है। लेकिन हम देखते है कि आर० एस० एस० के नाम पर मिलिट्री की ट्रेनिंग दी जाती है, लाठी चलाना सिखाया जाता है, तलवार चलाना सिखाया जाता है—यह गलत तरीका है, यह ऐसा तरीका है जो लोगो मे नफरत पैदा करता है, किसी खास फिरके के खिलाफ नफरत पैदा करता है, लोगो के दिलो को जोडने के बजाय उसको तोडने की कोशिश करता है। इसके लिए अगर इकदामात उठाये जाये तो गलत नही होगा। इस मुल्क के अन्दर हिन्दू-मुसलमान, सिख-ईसाई सब भाई-भाई की तरह से रहें, हमारे मुल्क की तरक्की के लिए कोशा हो तो हम पूरी तरह से उनके साथ हैं। लेकिन कभी-कभी गलत बाते कह दी जाती हैं—जैसा रेड्डी साहब ने कह दिया कि मुस्लिम लीग मे क्या किया ? मुस्लिम लीग फिरकापरस्त तनजीम नही है, उसके पास मिलिट्री आर्गेनिजेशन नही है, वह तलवार चलाना नही सिखाती, वह बन्दूक चलाना नही सिखाती, लाठी चलाना नही सिखाती, बल्कि मुस्लिम लीग जहा जरूरत पडती है, आपकी मदद करती है, वहा पर मस्तहकम हुकूमत कायम करने मे मदद करती है, और इसकी मिसाल मौजूद है। अगर इसको कोई फिरकापरस्त जमायत कहे तो हम मानने के लिये तैयार नही हैं। हिन्दुस्तान का दस्तूर जम्हूरियत का दस्तूर है। यहा पर मुख्तलिफ मजहबो को मानने वाले लोग हैं उन के खास मुख्तलिफ कल्चर वाले लोग हैं, उनके खास नजरियात है, उन की खास पालिसीज हैं, जिनको पेश किया जाता है और अपनी इकाई की, सैक्शन आफ पापुलेशन की इन्डिविजुएल्टी को कायम रखने के हक मे है। हम अपनी-कल्चर की प्रोटेक्शन चाहते है, अपनी वैल्यूज-इन-लाइफ को कायम रखना चाहते है।

हालाकि यहा पर मुख्तलिफ व्यवहार के मानने वाले लोग है मुख्तलिफ कल्चर को मानने वाले लोग है, मुख्तलिफ तहजीबो मे यकीन रखने वाले लोग है, मुख्तलिफ जबानो को बोलने वाले लोग है, लेकिन इन तमाम को अपनी जगह बराबर तरक्की का मौका मिलना चाहिये। इसके बाद जहा तक मुल्क की तरक्की का सवाल है हम साथ मिल कर कोशिश करे, इत्तहाद करे। लेकिन कभी कभी गलत बात कह कर चीज को उलझाने की कोशिश करना मुनासिब बात नही है।

जहा तक मैं समझता हू—मोहतरमा सुभद्रा जोशी जी ने मुस्लिम लीग का जिक्र नही किया, क्योकि वह जानती थी कि हमारी

तनजीम मे कोई मिलिट्री टेनिंग नही होती, तलवार चलाना नही सिखाया जाता, लाठी चलाना, बन्दूक चलाना नही सिखाया जाता । जिन मेम्बरान ने इस बिल की हिमायत की है, किसी ने भी हमारे खिलाफ कुछ नही कहा, लेकिन रेड्डी साहब ने मालूम नही क्यो उलझा दिया ।

जितनी तकरीरे हुई हैं, सब ने यही कहा कि इस बिल का मकसद महदूद है, इसके जरिये किसी पार्टी को बैंन करने का सवाल नही है, इस लिये खामखाह उलझा देना, टकराव पैदा करना अच्छी बात नही है । जहा अच्छी फिजा पैदा होती है, लोग इतमिनान के साथ जिन्दगी गुजारना चाहते हैं, वहा इस किस्म की बाते कहना कौमी इन्टरेस्ट मे नही है और ऐसी बातो की हमे मुखालफत करनी चाहिये ।

कोई बिल अगर किसी नेक-मक्सद के लिये आता है तो हमे जरूर उसको सपोर्ट करना चाहिये, लेकिन अगर उसका गलत इस्तेमाल किया जायेगा तो हम जरूर उस की उसकी मखालफत करेगें । यहा यह सवाल नही है कि मुस्लिम लीग कम्यूनल आर्गी-निजेशन है, बल्कि हम उसके किरदार मे उसको जज करना चाहिये । जब जरूरत पडती है तो उसको नेशनल कहना और जब जरूरत नही है तो उसका कम्युनल कहना—यह गलत बात है—

काबा किस मुह स जाओगे गालिब
शर्म तुम का मगर नही आती ।

